हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, सोमवार, 24 फरवरी 2025

तापमान
अधिकतम 24.0 डिग्री
न्यूनतम 10.0 डिग्री

11 बुजुर्ग महिलाओं की मटका रेस में कमलेश ने पाया प्रथम स्थान



11 शिक्षा के साथ-साथ बच्चे खेलों में भी दिखाएं अपनी रूचिः कृष्ण बेदी




## खबर संक्षेप

### महिला से मारपीट करने पर पांच के खिलाफ केस

**जींद।** गांव राजपुरा भैण में महिला के साथ बेरहमी से मारपीट करने पर सदर थाना पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव राजपुरा भैण निवासी रजनी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी पति की मौत हो चुकी है। गत 19 फरवरी को वह अपनी पांच साल की बेटी के साथ ससुराल आई थी।

### स्कूल बस से डीजल चोरी के मामले में आरोपी काबू

**कैथल।** तेल पंप पर खड़ी स्कूल बस से डीजल चोरी करने के मामले की जांच सीआईए-1 पुलिस के एएसआई शमशेर सिंह की टीम द्वारा करते आरोपी नारनौंद जिला हिसार निवासी रितेश व विक्रम को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गोबिंद गढ कुरुक्षेत्र निवासी नवल किशोर की शिकायत अनुसार वह कैम्ब्रिज वर्ड स्कूल पिहोवा में मैनेजर है।

### प्लाट विवाद में चार घायल दस के खिलाफ केस दर्ज

**जींद।** गांव सुलेहड़ा में प्लाट विवाद में हमला कर चार लोगों को घायल करने पर सदर थाना नरवाना पुलिस ने दस लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव सुलेहड़ा निवासी संदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने गांव आया हुआ था। गांव का ही बलराज अपनी रूडी में उसके प्लाट में निर्माण कर रहा था।

### गांजा फुल पत्ती सप्लाई करने वाला आरोपी काबू

**कैथल।** नशा तस्करों की जड़ मूल तक पहुंचकर नशा सप्लाई करने वालों पर एसपी राजेश कालिया के आदेशानुसार शिकंजा कसते हुए सीआईए-1 पुलिस के एएसआई राजीव कुमार की टीम द्वारा गांजा फुल पत्ती सप्लायर आरोपी इंद्रा कॉलोनी कुरुक्षेत्र निवासी रवि को गिरफ्तार कर लिया गया।

### गल्ले को तोड़ कर सवा दो लाख की नकदी चोरी

**जींद।** कैथल रोड पर परिवार के लोग अस्थियां विसर्जन करने हरिद्वार गए हुए थे। पीछे से चोरों ने आरा के गल्ले को तोड़ कर सवा दो लाख रुपये की नगदी को चोरी कर लिया। शहर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पटेल नगर निवासी अजय ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनका कैथल रोड पर आरा है। गत दिवस वह परिवार समेत चाचा की अस्थियां विसर्जन करने हरिद्वार गए हुए थे।

### देशी शराब सहित आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** अवैध शराब तस्करों व खुर्दों की धरपकड़ के लिए चलाई जा रही मुहिम तहत थाना सदर पुलिस द्वारा गांव ग्योंग से एक आरोपी को 16 बोतल देशी शराब सहित काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना सदर पुलिस के एचसी सुशील कुमार व एचसी संदीप कुमार की टीम द्वारा एक गुप्त सूचना मिली थी।

### ताला लगाकर लड़की लापता, मामला दर्ज

**जींद।** जुलाना में नाबालिग लड़की परिजनों के आगे मकान पर ताला लगा कर संदिग्ध हालात में गायब होने पर जुलाना थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जुलाना निवासी एक युवक ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है।

### गांव नरड में मारपीट में एक व्यक्ति घायल

**कैथल।** गांव नरड में हुई मारपीट में एक व्यक्ति घायल हो गया। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। गांव नरड के रोहतास ने तितरम पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 20 फरवरी को रात के समय संदीप, मोहित और राहुल ने मिलकर उसके घर में घुसकर उसे पर डंडे व गंडासियों से हमला करते उसे घायल कर दिया।

# जिप अध्यक्षा के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर चौथी बार महत्वपूर्ण बैठक आज

## अविश्वास से पार पाने के लिए चाहिए नौ पार्षद, जिप अध्यक्षा विधिवत रूप से थाम चुकी भाजपा का दामन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद

जिप अध्यक्षा मनीषा रंधावा के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर चौथी बार महत्वपूर्ण बैठक सोमवार को डीआरडीए हाल में बैठक बुलाई है। पूर्व में 13 दिसंबर, 22 जनवरी तथा 11 फरवरी को डीसी के अचानक छुट्टी पर चले जाने के कारण बैठक स्थगित हो चुकी है। जिप चेयरमैन ने हाईकोर्ट का सहारा लिया तो चौथी बार 24 फरवरी को अविश्वास प्रस्ताव पर बैठक को निर्धारित किया गया। गत दो दिसंबर को 25 सदस्यों वाली जिला परिषद में 18 जिला पार्षद जिप अध्यक्षा मनीषा रंधावा के खिलाफ



जींद। डीआरडीए सभागार। फोटो :हरिभूमि

शपथ पत्र सौंपे थे। हालातों को देख मनीषा रंधावा ने पहले ऑनलाइन तो अब भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बडौली की मौजूदगी में भाजपा का दामन थाम लिया है। भाजपा में शामिल होने के साथ मिला

### कुर्सी को कोई खतरा नही

जिप अध्यक्षा मनीषा रंधावा ने बताया कि उनके पास बहुमत से ज्यादा पार्षद हैं। उनकी कुर्सी को कोई खतरा नही है। अविश्वास पर बैठक होने के बाद अटके कार्य शुरू हो जाएंगें।

आशीर्वाद, बदले समीकरणः जिप अध्यक्षा मनीषा रंधावा के विधिवत रूप से भाजपा का दामन थामने के साथ भाजपा नेताओं का आशीर्वाद तो मिला है, साथ ही समीकरण भी बदल गए हैं। मनीषा के पास बहुमत पहले से था लेकिन बार-बार बैठक का स्थगित होना परेशानी बना था। अब भाजपा नेताओं के आशीर्वाद से अविश्वास प्रस्ताव पर आसानी से पार पा लेगी। उन विरोधियों का भी साथ मिलेगा, जो भाजपा के साथ विरोध में खड़े थे। जजपा के समर्थन से बनी थी जिप अध्यक्षाः लगभग दो साल पहले भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार में डिप्टी सीएम रहे दुष्यंत चौटाला के आशीर्वाद से मनीषा रंधावा जिला परिषद अध्यक्षा बनी थी। जिन्होंने भाजपा समर्थक को एक मत से हराया था। बाद में राजनीतिक हालात बदले तो मनीषा रंधावा ने जजपा को छोड़ कांग्रेस का दामन थाम लिया था। बहुमत के साथ भाजपा सरकार बनी तो पार्षदों ने मनीषा रंधावा के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। अविश्वास प्रस्ताव आने से पूर्व अब मनीषा रंधावा भाजपा मे शामिल हो गई है। 25 सदस्यों में से 18 सदस्यों ने खोला है खिलाफ मोर्चाः जिप अध्यक्षा मनीषा रंधावा के खिलाफ 25 में से 18 पार्षदों ने तीन दिसंबर को मोर्चा खोला था। 18 पार्षदों ने डीसी को शपथ पत्र देकर जिप अध्यक्षा के खिलाफ अविश्वास बैठक बुलाने की मांग की थी। 13 दिसंबर से 11 फरवरी तक तीन बार तारीख निर्धारित हो गई। तीनों बार डीसी के न आने पर बैठक स्थगित हो गई। मनीषा रंधावा को अविश्वास प्रस्ताव पर पार पाने के लिए नौ पार्षदों की जरूरत है।

### 289 गांव जगमग योजना से जुड़े, बदली जाएगी 1494 किलोमीटर तार

# अघोषित कटों से निपटने को लेकर बिजली निगम ने शुरू की तैयारियां

## गर्मी में बिजली लोढ़ बढ़ने को लेकर निगम सजग

नरेश पंवार ▸▸ कैथल

गर्मी के सीजन में निर्बाध आपूर्ति देने तथा अघोषित कटों की समस्या कम करने के लिए बिजली निगम ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसके तहत निगम की ओर से पूरे शहर में 1494 किलोमीटर तार बदलने का फैसला लिया है। ये तार काफी पुराने हो चुके हैं। गर्मी में किसी भी तरह का हादसा न हो। इसलिए निगम ने जर्जर तार बदलने के लिए कार्य भी शुरू कर दिया है। अब तक शहर के पुराना बाइपास मार्ग, नई अनाज मंडी रोड, अमरगढ़ गामड़ी की गई गलियों सहित अन्य जगहों पर 856 किलोमीटर तार को बदला जा चुका है। मई माह से पहले तय के लिए कार्य को पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। ग्रामीण क्षेत्र के साथ-साथ खेतों में ट्यूबवेल कनेक्शन के तार भी बदले जाएंगे, ताकि गर्मी के दौरान खेतों में गेहूं की फसलों में आगजनी की घटनाओं को कम किया जा सके। पूर्व में सीजन के दौरान तारों के शार्ट-सर्किट से गेहूं की फसल जलने के मामले सामने आ चुके हैं, इसलिए निगम ने इस बार पुरानी व जर्जर तारों को बदलने



का फैसला लिया है। गर्मी में पहुंच जाती है डेढ़ करोड़ प्रति यूनिट बिजली की खपतः जिले में गर्मी के सीजन में बिजली की खपत बढ़ जाती है। मई से लेकर जुलाई माह तक तो डेढ़ करोड़ यूनिट प्रतिदिन तक बिजली की खपत पहुंच जाती है। पिछले साल जिले में एक साल में 11 हजार बिजली उपभोक्ता बढ़े हैं। पिछले साल 134 लाख यूनिट बिजली की मांग बढ़ी थी। इस कारण फ्रिज, पंखे , कूलर और एसी जैसे उपकरणों का इस्तेमाल ज्यादा होने लगा है। बिजली की खपत बढ़ने से बिजली के पावर हाउसों और ट्रांसफार्मर पर लोड बढ़ जाता है, जिसके कारण बिजली कट व बिजली कटौती की समस्या बन जाती है। बता दें कि वर्ष 2022-23 में 20909 लाख यूनिट बिजली की खपत हुई थी, जो 2023 -24 में बढ़ कर 21043 लाख यूनिट तक पहुंच गई थी। जिले में इतने हैं सब स्टेशन जिले में पिलनी, जांबा, दुसैन, रसीना, सेरधा, भूसला, खरकां, खरकड़ा, सुल्तानियां, गोहरां, थेहनेवल, पाबसर, पाडला और तितरम में सब स्टेशन हैं। वर्ष 2019 में 14 लाख दो हजार 632 किलोवाट थी, जो पिछले साल तक 17 लाख 23 हजार 700 किलोवाट तक पहुंच गई थी। वहीं 2023 में 341144 उपभोक्ता जो 2024 में 352370 उपभोक्ता पहुंच गए थे। पिछले साल करीब 11226 उपभोक्ता बढ़े थे।

### कार्रवाई की गई

बिजली निगम कैथल के अधीक्षक अभियंता सोमवीर भलोठिया ने बताया कि बिजली निगम की तरफ से शहर में लगाए गए करीब 1500 किलोमीटर में से 1494 किलोमीटर तार को बदलने का कार्य शुरू हो चुका है। अब तक 856 किलोमीटर तार को बदला जा चुका है। कई कॉलोनियों में यह कार्य पूरा भी हो चुका है। तारों के साथ-साथ जहां बिजली के पोल टूटे हुए हैं या झुके व जर्जर हो चुके हैं, वहां भी नए पोल लगाए जा रहे हैं।

### कई बार प्रयास कर चुका

जिले में बिजली निगम की तरफ से 293 गांव में से अब तक 289 गांव को जगमग योजना से जोड़ा जा चुका है। इनमें गांव खुराना, मूंदड़ी, ढूंढवा व शिमला ऐसे गांव हैं जो योजना से अब भी बाहर है। इन गांव को योजना में शामिल करने के लिए विभाग कई बार प्रयास कर चुका है, लेकिन अभी तक सफलता नहीं मिली है। इन गांव में जब भी बिजली कर्मचारियों की टीम जाती है तो ग्रामीण विरोध करना शुरू कर देते हैं, इस कारण निगम कर्मियों को वापस लौटना पड़ता है।

# डिफाल्टर 6256 उपभोक्ताओं के 189.43 करोड़ रुपये माफ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद

अंत्योदय बिजली बिल माफी योजना के तहत अबतक 6256 उपभोक्ताओं ने बकाया बिजली बिल के तीन करोड़ 72 लाख की राशि जमा करवाई गई है।वहीं उनके बिल के 189 करोड़ रुपये माफ हो गए हैं। इनके अलावा वर्ष 2024 के 18 ऐसे उपभोक्ताओं थे जिन पर बिजली चोरी करने के आरोप में एफआईआर दर्ज हुई थी। इन उपभोक्ताओं ने भी एक लाख 31 लाख की राशि निगम के खाते में जमा करवा दी है। जबकि उनका एक करोड़ 35 लाख माफ हो गया है। अबतक निगम सर्कल में तीन करोड़ 72 लाख की राशि जमा हो चुकी है। बिजली निगम के अनुसार 107149 से अधिक डिफाल्टर उपभोक्ताओं पर 1477 करोड़ से ज्यादा का बिल बकाया है। जींद सर्कल में तीन लाख 49 हजार से अधिक बिजली के कनेक्शन हैं। जिसमें से जींद डिवीजन में एक लाख 62 हजार 223 कनेक्शन, नरवाना डिवीजन में एक लाख 11 हजार 405 और सफीदों डिवीजन में 74 हजार 950 बिजली के कनेक्शन हैं। अंत्योदय योजना के अनुसार पीपीपी के अनुसार सत्यापित आय प्रति वर्ष एक लाख रुपये तक वाले परिवार इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। वह परिवार बिजली निगम में परिवार पहचान पत्र दिखाकर बकाया बिजली बिल माफ करवा सकते हैं लेकिन उपभोक्ता अभी भी योजना का लाभ उठाने के लिए आगे नहीं आ रहे हैं।

### अंत्योदय परिवारों की सुविधा के लिए योजना लाभदायक : हरिदत्त

बिजली निगम के अधीक्षण अभियंता हरिदत्त ने बताया कि अंत्योदय परिवारों की सुविधा के लिए यह योजना शुरू की हुई है। इसके लिए निगम कार्यालय आकर अपने बिजली बिल का भुगतान करें। पात्र अंत्योदय परिवारों को बकाया राशि का 25 प्रतिशत या 3600 रुपये में से जो भी कम होगा, उसका भुगतान करना होगा।

### सितंबर 2023 में शुरू हुई योजना

सरकार ने अंत्योदय परिवारों के लिए बिल माफी योजना शुरू की हुई है, जो कि सितंबर 2023 में शुरू हुई थी। इस योजना के तहत जिनकी परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) डाटा के अनुसार सत्यापित आय प्रति वर्ष एक लाख रुपये तक है। यह परिवार बिजली निगम में अपना परिवार पहचान पत्र दिखाकर बकाया बिजली बिल का प्रतिवर्ष 3600 रुपये के हिसाब से जमा करा सकते हैं। इसके लिए लाभार्थियों को अन्य किसी कागजात की आवश्यकता नही है। अधिकारियों के अनुसार भले ही पात्रों के बिजली का कनेक्शन चालू है या कटा हुआ है। 12 महीने की बिजली की औसत मासिक खपत 150 यूनिट तक है अथवा इतनी खपत थी। दो या दो से अधिक बिलिंग चक्र का बिजली का बिल नहीं भरने वाले गरीब उपभोक्ता भी इस योजना के लाभ पात्र हैं। दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम ने अंत्योदय परिवारों के बिजली के बिल माफ करने की योजना प्रार्थी यह राशि एकमुश्त या ब्याज रहित छह किश्तों में जमा करवा सकता है। कटे हुए कनेक्शनों की स्थिति में यदि कनेक्शन छह महीने के अंदर-अंदर कटा है तो यह कनेक्शन पूरी राशि के भुगतान या पहली किस्त के भुगतान पर जोड़ दिया जाएगा।

# करेला में उखाड़ी नाली परेशान हो रहे किसान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जुलाना

जुलाना क्षेत्र के करेला गांव में खेतों में तीन किसानों ने खेत की सिंचाई के लिए बनी नाली को रोक दिया। दो साल से किसानों को काफी परेशानियों से होकर गुजरना पड़ रहा है। किसानों ने इसकी शिकायत पुलिस से लेकर सिंचाई विभाग तक दी लेकिन कोई भी समाधान नही हो पाया। प्रशासन के रवैये को लेकर किसानों में रोष बना हुआ है। किसान अब मुख्यमंत्री से मिलकर समाधान की गुहार लगाएंगे। करेला गांव निवासी महाबीर, जितेंद्र, दिनेश, बृजभान आदि किसानों ने


जुलाना। करेला गांव में उखाड़ी गई नाली। फोटो :हरिभूमि

बताया कि सुंदर ब्रांच नहर से सिंचाई के लिए उनके खेतों में सरकार द्वारा पक्की नाली बनाई गई थी लेकिन दो साल पहले गांव के ही सुरजाए राजपाल व चरण सिंह ने नाली को उखाड़ दिया। अब उनके खेतों में सिंचाई नही हो रही है। ऐसे में गांव की 468 एकड़ भूमि पर सिंचाई नही होने से किसानों को आर्थिक संकट से होकर गुजरना पड़ रहा है।

# गैस टैंकर से 960 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद

सीआईए स्टाफ नरवाना ने गांव डूमरखां कलां के निकट जींद रोड पर गैस टैंकर से 960 पेटी अंग्रेजी शराब की बरामद की है। शराब को पंजाब से राजस्थान ले जाया जा रहा था। सदर थाना पुलिस ने टैंकर चालक के खिलाफ आबकारी अधिनियम, धोखाधड़ी समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है।

सीआईए स्टाफ नरवाना को सूचना मिली थी कि गैस टैंकर में पंजाब से तस्करी कर राजस्थान ले जाया जा रहा है। जहां से उसे दूसरे राज्यों में भेजा जाएगा। गैस टैंकर



जींद। पकड़ी शराब के साथ पुलिस गिरफ्त में आरोपित। फोटो :हरिभूमि

वाया जींद आगे जाएगा। सूचना के आधार पर पुलिस ने गांव डूमरखां कलां के निकट जींद रोड पर नाकेबंदी कर पंजाब की तरफ से आने-जाने वाले वाहनों पर नजर रखनी शुरू कर दी। कुछ समय के बाद राजस्थान नंबर का गैस टैंकर पंजाब की तरफ से वहां पर आया। पुलिस कर्मियों ने टैंकर को रोक कर उसके गैस चैंबरों की तलाशी ली तो 960 उसमें पेटी अंगे्रजी शराब भी पाई गई। पुलिस पूछताछ में चालक की पहचान गांव भादरेस जिला बाड़मेर राजस्थान निवासी बांकाराम के रूप में हुई। चालक से जब शराब से संबंधित दस्तावेज मांगे तो वह दिखाने में नाकाम रहा। शराब की बोतलों पर सेल ओनली पंजाब लिखा हुआ था लेकिन शराब पेटियों से मैन्यूफैक्चर डेट तथा बैच नंबर को मिटाया गया था। सदर थाना पुलिस ने गैस टैंकर चालक बांकाराम के खिलाफ आबकारी अधिनियम, धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है। सीआईए स्टाफ प्रभारी सुखदेख ने बताया कि सूचना के आधार पर गैस टैंकर से भारी मात्रा में शराब बरामद की है। जिसे पंजाब से तस्करी राजस्थान ले जाया जा रहा था। आरोपित से नेटवर्क के बारे में पूछताछ की जा रही है।

## पूंडरी नपा चुनावः स्थानीय मुद्दों की बहार, साइलेंट मतदाता बने पहेली

# चुनाव का मुख्य मुद्दा बना शहर में फैला नशा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पूंडरी

पूंडरी में नगरपालिका चुनाव का माहौल पूरे यौवन पर है। प्रत्याशी मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए पूरी ताकत झोंक रहे हैं, लेकिन विधानसभा चुनाव की तुलना में इस बार स्थानीय मुद्दे अधिक प्रभावी दिखाई दे रहे हैं। शहर के साइलेंट मतदाता अभी भी अपने पत्ते नहीं खोल रहे हैं, जिससे प्रत्याशियों की चिंता बढ़ गई है।

मतदाताओं के मन को टटोलने के लिए शहरवासियों से बातचीत


पूंडरी। एक दुकान पर बैठे स्थानीय । फोटो :हरिभूमि

की। जिससे स्पष्ट हुआ कि इस बार चुनाव में प्रमुख मुद्दे शहर की मूलभूत सुविधाएं और नशे की रोकथाम से जुड़े हैं। मतदाता ऐसा प्रत्याशी चाहते हैं, जो ईमानदार, शिक्षित और स्वच्छ छवि वाला हो, जो शहर और वार्ड में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने की क्षमता रखता हो। नशे की समस्या इस बार चुनावी चर्चा के केंद्र में है।

शहर के कई इलाकों में अवैध शराब और अन्य नशे की बिक्री खुलेआम हो रही है, जिससे युवा पीढ़ी प्रभावित हो रही है। कई मतदाताओं ने प्रत्याशियों के सामने इस मुद्दे पर सख्त कार्रवाई की मांग रखी है। मुख्य बाजार में स्थित एक बुक डिपो पर बैठे मोहनलाल, दर्शन और नीटू ने कहा कि वे इस बार अपना वोट उसी प्रत्याशी को देंगे, जो पूंडरी से नशे का खात्मा करने और अवैध शराब के अड्डों को बंद कराने की गारंटी देगा। उन्होंने कहा कि शहर में गलियों, पुलों, और लाइटों के विकास कार्य तो होते रहते हैं, लेकिन नशे के कारोबार को खत्म करने की पहल अब तक किसी ने नहीं की।स्थानीय निवासी राजीव ने कहा कि शहर में पानी निकासी भी एक अहम मुद्दा है। कई कॉलोनियों और कैथल रोड पर हमेशा नाले का पानी भरा रहता है, जिससे लोगों को परेशानी होती है। उन्होंने कहा कि जो प्रत्याशी इस समस्या के समाधान की गारंटी देगा, उसे ही वे अपना मत देंगे।


कैथल। भूख हड़ताल पर बैठे रेल यात्री कल्याण समिति के सदस्य।

### मांगों को लेकर भूख हड़ताल कर दिया धरना

**कैथल।** रेल यात्री कल्याण समिति ने रविवार को पार्क रोड स्थित शहीद स्मारक पर रेलवे से संबंधित मांगों को लेकर एक दिन का धरना देकर भूख हड़ताल की। हड़ताल के दौरान रेल यात्री कल्याण समिति के सदस्यों ने रेलवे पर कैथल की अनदेखी करने का आरोप लगाया। समिति के सदस्यों का कहना था कि बार बार मांग पत्र देने के बावजूद रेलवे से संबंधित मांगों को पूरा नहीं किया जा रहा है। इस कारण जिले के रेल यात्रियों को रेलवे से संबंधित सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। समिति के चेयरमैन सतपाल गुप्ता व प्रधान बलवंत सिंह जाटान ने बताया कि समिति पिछले 20 वर्षों से रेलवे संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए काम कर रही है। समिति की मांग है कि नरवाना-कैथल से दिल्ली के लिए गाड़ी संख्या 64462 को करनाल, पानीपत, सोनीपत होते चलाया जाए।



## स्वास्थ्यवर्धक है लस्सी

भारतीय ग्रामीण खान-पान में लस्सी खास अहमियत रखती है। लस्सी में कैल्शियम, विटामिन डी, और लैक्टिक एसिड होता है। यह हड्डियों को मज़बूत करती है, दांतों का स्वास्थ्य बेहतर करती है, और प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ाती है। लस्सी में प्राकृतिक शीतलन गुण होते हैं, जो शरीर के तापमान को कम करने में मदद करते हैं। हालांकि अब ज्यादातर युवा लस्सी के स्थान पर बाजार में बिकने वाली कोल्ड ड्रिंक को महत्व देने लगे हैं, जबकि कोल्ड ड्रिंक स्वास्थ्य के लिए बेहद खतरनाक पेय पदार्थ है।

# ग्रामीण जनजीवन पर शहरीकरण हावी



- हरियाणवीं रीति-रिवाजों व खानपान पर पड़ रहा आधुनिकता का असर
- यातायात, इंटरनेट, दूरसंचार और वैश्विकरण ने ग्रामीणों के विचारों और कामकाज को किया है प्रभावित



आधुनिकता

**राज कुमार नरवाल**

हरियाणा में शिक्षा का प्रचार-प्रसार बढ़ा है। सड़कों की हालत में काफी सुधार हुआ है। जगह-जगह नए-नए राष्ट्रीय राजमार्ग बन गए हैं। लोगों को एक जगह से दूसरी जगह पर जाने में अब बहुत ही कम समय लगने लगा है। इंटरनेट व मोबाइल फोन की वजह से हरियाणा के लोग विदेश में बैठे लोगों से भी संपर्क में हैं। पढ़-लिखकर गांवों में रहने वाले परिवारों के बच्चों के विचारों में भी फर्क आया है। वे अब मल्टीनेशनल कंपनियों में काम करने लगे हैं। देश और विदेश में नौकरियां कर रहे हैं।

हरियाणा के गांवों में बसने वाले लोग अब केवल खेती पर ही निर्भर नहीं रहे हैं। सरकारी और प्राइवेट नौकरियों में काम कर रहे हैं। खुद के उद्योग लगा रहे हैं। अब वैश्विकरण का असर हरियाणा के गांवों पर भी पड़ा है। अब कोई भी देश दूर नहीं लगता। देश में हवाई अड्डों की संख्या बढ़ गई है। पहले जहां अपने देश में ही किसी दूसरी जगह पर जाने में कई कई दिन लग जाते थे लेकिन अब कुछ घंटों में ही एक राज्य से दूसरे राज्यों में पहुंच रहे हैं। इस सबका असर गांवों में बसने वाले लोगों पर भी पड़ा है। यहां का खान-पान व रहन-सहन और संस्कृति बदल गए हैं।

यहां पहले वाले रीति-रिवाज भी नहीं रहे। दरअसल, अब गांवों में भी शहरों जैसा ही रहन-सहन और खान-पान हो गया है। विश्वभर में हमारे नौजवान व्यापार व रोजगार के लिए पहुंच रहे हैं। वे विदेशी मेम को शादी करके गांव में ला रहे हैं। लड़कियों की कमी के चलते बहुत से युवाओं की शादी नहीं हो रही। इस कारण यहां के नौजवान बिहार व देश के अन्य राज्यों से बहुएं ला रहे हैं। बाहर से आने वाली इन बहुओं को हरियाणवीं संस्कृति का ज्ञान नहीं है। पढ़ाई के लिए शहरों में जाने वाले युवक-युवतियां अब देसी खान-पान छोड़कर चटपटा खान-पान अपना रहे हैं।

डिब्बाबंद वस्तुओं का प्रचलन बढ़ गया है। हर साल गांवों से कुछ परिवार खेती किसानी और पशुपालन का धंधा छोड़ रहे हैं। पहले गांवों में बसने वाले किसान दूध व घी बेचते नहीं थे। अब गांवों में भी लोगों को घी दूध और लस्सी के लाले पड़ गए हैं। ब्याह शादी व त्योहारों से जुड़े रीति-रिवाज खत्म होते जा रहे हैं। नई परंपराएं शुरू हो रही हैं। पुरानी परंपराएं छूट रही हैं। ब्याह शादी में जो सादा खाना होता था, अब तरह-तरह के पकवान बनने लगे हैं। देसी घी की बजाए अब वनस्पती घी और रिफाइंड का इस्तेमाल ब्याह में पकवान बनाने में होने लगा है।

### डीजे की धमक पर थिरक रहे युवा

शादी के समय शहनाई या परंपरागत बाजा बजाया जाता था। अब नई पीढ़ी डीजे की धमक पर थिरक रही है। गांव में बसने वाले लोग आरामपरस्त हो गए हैं। वे भी एसी गाड़ियों में चलते हैं और गांवों में भी अब वातानुकूलित उपकरण पहुंच गए हैं। शहरों की तरह ही अब लोग घरों में ही रहते हैं। गलियों में एक-दूसरे के पास बैठकर अब कम ही बातचीत करते हैं। गर्मियों में तो गांवों की गलियां पूरी तरह सुनसान रहने लगी हैं। किसी जमाने में गांवों की गलियां दिनभर गुलजार रहती थी। शहरों में पढ़ाई करने वाले नौजवान युवक-युवतियों का आचार-विचार शहरों जैसा ही हो गया है। बहुएं भी पढ़-लिखकर नौकरीपेशा हो गई हैं। इस कारण अब गांवों में महिलाएं खेतों में कम और बाहर नौकरी करने के लिए अधिक संख्या में जाती हैं।

### अब रात को नहीं रुकते रिश्तेदार

छुट्टियों में बच्चे अपनी माताओं के साथ ननिहाल में जाते थे। लेकिन अब बच्चों पर पढ़ाई का इतना बोझ हो गया है कि ट्यूशन आदि के चक्कर में वे ननिहाल नहीं जा पाते। लगभग प्रत्येक व्यक्ति के पास अपना वाहन हो गया है और साफ सुथरे रोड बने हैं। इस वजह से अब लोग अपनी रिश्तेदारी में रुकने की बजाए रात तक अपने घर पहुंचना ही उचित समझते हैं। पहले यातायात साधनों का अभाव था। शाम तक घर लौटना मुमकिन नहीं होता था। अब लोग रिश्तेदारी में नहीं रुकते।

### घर द्वार पर पहुंचने लगा सामान

जरूरत का सामान बेचने वाली कंपनियों ने अब गांवों तक भी अपनी पहुंच बना ली है। सबकुछ सामान की ऑनलाइन बिक्री हो रही है। कूरियर कंपनियों में कार्यरत युवा गांवों में भी सामान पहुंचा रहे हैं। ग्रामीण कभी-कभार ही सामान लेने के लिए बाजार जाते थे। अब तकरीबन सामान घर के आगे ही बिक्री के लिए पहुंच रहा है। गाड़ियों में लोग आवाज लगाकर सामान बेच रहे हैं। सब्जियां तक वाहनों में घरद्वार पर बिकने लगी हैं।

### शीत-राबड़ी की जगह कोल्ड ड्रिंक

गांवों में दूध, शीत, राबड़ी, दलिया और लाप्सी जैसे खान-पान होते थे। लेकिन अब उनकी जगह कोल्ड ड्रिंक ने ले ली है। बोतलों में विभिन्न कंपनियों के ठंडे पेय पदार्थ अब यहां भी प्रयोग होने लगे हैं। कभी गांव के लोगों को चाय के स्वाद का पता तक नहीं होता था लेकिन अब गांवों के लोग जमकर चाय पीते हैं और कॉफी भी गांवों में पी जाने लगी है।

इसके अतिरिक्त, पहले गांवों में बच्चों के लिए तरह तरह के खेल-तमाशे होते थे। उदाहरण के तौर पर जादू के खेल, बंदर व भालू के खेल और चित्र दिखाने के लिए बारहमन की धोबण आदि अनेक तरह के खेल तमाशे होते थे। अब ये सब खत्म हो गए हैं। बड़ों के लिए सांग, रामलीला और रागनियों के कार्यक्रम होते थे। लेकिन अब वे पुराने कहानी और किस्से सुनने और सुनाने वाले ही नहीं रहे।

कविता

**कुमार**

## परिवार और समाज



परिवार सै पहली पाठशाला,
संस्कारां की में मिले उजाला।
मां-बाप सिखावें चाल सिधी,
सच्चाई अर मेहनत की रीत गहरी।

परिवार बिना जीवन अधूरा,
हर भी सुख भी लागे मजबूरा।
भाई-बहन का प्यार न्यों,
सावन में बरसात की ज्यों।

बूढ़े दादा-दादी का साया,
उनकी सीख में सब पाया।
वो अनुभव का सच्चा ज्ञान,
रखै परिवार की साख महान।

मिल-जुल रहणा परिवार सिखावे,
बड़ों की इज्जत, छोट्यां तै प्यार करावे।
हर रिश्ते में अपनापन होवे,
दिल में सच्चा सम्मान होवे।

समाज सै इंसान की पहचान,
इसी में बसै सारी शान।
मिलकै रहें, मिलकै बढ़ें,
सुख-दुख में संग रहें।

समाज बिना ना कोई अकेला,
हर कोई लागे एक दूजे का चेला।
बड़े-बुजुर्ग का काम समझावणा,
सच्चे न्याय के राह दिखावणा।

शिक्षा, सेवा अर सहयोग,
समाज में रहकै मिलै ये योग।
नेकी करै अर बात सिधी,
समाज बनावै जिंदगी ऊंची।

एकता, प्रेम अर भाईचारा,
समाज का सच्चा उजियारा।
ईमानदारी अर आदर की डोर,
इसी में बसै समाज का जोर।

जो हो परिवार समाज का संग,
तो 'कुमार' जिंदगी स मीठा रंग।
इनके बिना अधूरा जीवन,
इनमें ही सच्चा सुख-दर्शन।

रागनी

**सत्यवीर नाहड़िया**



## हरियाणे की बोली धाकड़...

भास्सा बरगी भोत पुराणी,जाणै दुनिया सारी।
हरियाणे की बोल्ली धाकड़,जग म्हं गूंज्जै न्यारी।।

कोय हरियाणवी कह दे अर कह कोये हरयाणी।
जितनी बोल्ली सैं दुनिया म्हं,उन म्हं आग्गै पाणी।
गीत-रागणी कथा-कहाणी,छप ल्यी इस म्हं भारी।
हरियाणे की बोल्ली धाकड़,जग म्हं गूंज्जै न्यारी।।


जुगां-जुगां तै इस बोल्ली नै,चोक्खी साख बणाई।
बोल्लीबुड लग इस बोल्ली नै,अपणी धाक जमाई।
हिंदी माई की या माई,न्यूँ नान्नी सै म्हारी।
हरियाणे की बोल्ली धाकड़,जग म्हं गूंज्जै न्यारी।।

किते बाँगरू किते बागड़ी,रूप खादरी ध्यावै।
किते मिवाती किते कौरवी,किते बिरज रै छावै।
किते हीरबाट्टी रै पावै,लटक सभी की प्यारी।
हरियाणे की बोल्ली धाकड़, जग म्हं गूंज्जै न्यारी।।

साँग निराळे इस म्हं गूंज्जे,आज तलक न्यूँ कड़कै।
भास्सा बणकै रह या बोल्ली,आज नहीं तै तड़कै।
कह 'नाहड़िया' दिल म्हं धड़कै,माँ-बोल्ली लयकारी।
हरियाणे की बोल्ली धाकड़,जग म्हं गूंज्जै न्यारी।।

कविता

**डा. विकास यशकीर्ति**



## विश्व कै नक्शै पै छाया

देवभूमि सै या म्हारी,
सै हरि का आणा जाणा।
विश्व कै नक्शै पै छाया,
सै मेरा प्यारा हरियाणा।।

शान आपणी बोरला सै,
और बावन गज का दामण।
नाक तोड़े सासुआ का,
झूल कै हाम पूरा सामण।
वेद आयुर्वेद म्हारा ही रहा मंतर पुराणा।।
विश्व कै नक्शे पे...

बांध कै ऊंची सी पगड़ी,
हाथ मैं ले कै नै लाठी।
जूतियां की चरचराहट,
लांबी तगड़ी कद ओ काठी।।
देख कै नै म्हारा टोरा,
कौन लांघेगा सीमाणा।।
विश्व कै नक्शे पे...

मोरनी हिल स्वर्ग जैसी,
बण गई पहचान आपणी।
बन गई कुरुक्षेत्र नगरी,
आन बानो शान आपणी।।
युग युगा सै ही रहा सै,
देवताओं का ठिकाणा।।
विश्व के नक्शे पै सै छाया...

haribhoomisahitya@gmail.com पर आप अपनी रचनाएं भेज सकते हैं।

इतिहास

**मराठों ने अपने विश्वासपात्र सैन्य अधिकारी आयरलैंड वासी जॉर्ज थॉमस को झज्जर क्षेत्र जागीर के तौर पर वर्ष 1794 में दे दी थी**

# दो शताब्दी पूर्व भी बनाया गया था हरियाणा राज्य





रोचक

**यशपाल गुलिया**

यह पढ़कर पाठकों को बड़ा आश्चर्य होगा कि लगभग 230 वर्ष पहले भी एक बार हरियाणा नामक स्वतन्त्र राज्य स्थापित किया गया था, जब दिल्ली बादशाह शाहआलम मराठों के संरक्षण में था तो मराठों ने अपने विश्वास पात्रों को जागीर प्रदान की थी। उसी क्रम में उन्होंने अपने एक सैन्य अधिकारी को झज्जर क्षेत्र जागीर के तौर पर वर्ष 1794 में दे दी थी। वह अधिकारी मूल रूप से आयरलैंड वासी जॉर्ज थॉमस था।

झज्जर मुगल काल से ही एक शासकीय परगना बना रखा था। उस आयरलैंड वासी जॉर्ज थॉमस ने झज्जर ग्रहण करते ही कड़ाई से भूमिकर वसूलना आरम्भ कर दिया तथा एक दो-वर्षों में ही अपनी एक सेना गठित कर ली। वर्ष 1795-96 में उसने लगान न देने के कारण बेरी वासियों पर बल का प्रयोग किया। लेकिन बेरी वासियों ने अपनी गढ़ी में इकट्ठे होकर जॉर्ज की सेना के साथ एक दिन का रक्त रंजित युद्ध किया। उसके बाद जॉर्ज ने झज्जर से पांच मील की दूरी पर एक नया किला बनाकर सैन्य शक्ति बढ़ा ली। उस किले का नाम अपने नाम पर जॉर्जगढ़ रखा जहां आजकल जहाजगढ़ गांव बसा हुआ है। फिर जॉर्ज थॉमस एक शक्तिशाली देशी शासक के तुल्य बन गया और अपना क्षेत्र बढ़ाने पर आमादा हो गया। इस प्रकार वह मराठों से भी स्वतन्त्र होने लगा और सैन्य शक्ति के बूते से महम, हांसी, हिसार से भी आगे तक क्षेत्र पर अधिकार कर बैठा। लेकिन झज्जर व बेरी क्षेत्र के निवासियों के उत्पाति तेवर देकर उसने अपना मुख्यालय भी हांसी के प्राचीन किले में स्थापित कर लिया। इस प्रकार जॉर्ज थॉमस ने वर्ष 1797 के आस-पास अपना पूर्णतया स्वतन्त्र राज्य घोषित कर दिया। आयरलैंड की तर्ज पर नये राज्य का नाम ग्रीनलैंड अर्थात हरियाणा रख दिया। इसका क्षेत्र दिल्ली सूबे की सीमा से आरम्भ होकर फतेहाबाद तक 800 गांवों का था। हरियाणा राज्य स्थापित करके जॉर्ज थॉमस ने हांसी को नये राज्य की राजधानी बना लिया। जॉर्ज की जीवनी तथा अन्य अंग्रेजों द्वारा लिखी गई पुस्तकों में तत्कालीन हरियाणा का मानचित्र स्पष्ट दिया गया है। इसमें राजधानी हांसी भी लिखा गया है। हांसी मुख्यालय बनाने के बाद जॉर्ज आस-पास के सिख राज्यों जैसे जीन्द, कैथल व पटियाला तक धावे बोलने लग गया। सिख शासकों के साथ जॉर्ज ने कई बार युद्ध भी किए थे तथा अपने नाम से मुद्रा-सिक्के भी चलाए थे। वर्ष 1799 के आस-पास जॉर्ज ने एक बड़ी सेना इकट्ठी कर ली थी जिसके झज्जर के किले जॉर्जगढ़ व हांसी के किलों में पड़ाव लगाए थे।



230 साल पहले हरियाणा के राजा जॉर्ज थॉमस तथा उन द्वारा स्थापित हरियाणा का नक्शा। इसमें राजधानी हांसी दिखाई गई है।

स्वयं जॉर्ज ने अपने लिए एक कोठी हिसार में बनवाई थी जो आज तक यथावत है। उस कोठी को जहाज कोठी के नाम से जाना जाता है लेकिन जॉर्ज के इतना शक्तिशाली हो जाने तथा स्वतन्त्र शासक बन जाने पर मराठों को दिल्ली के लिए भी खतरा प्रतीत होने लगा। तब उनके फ्रान्सीसी सेनापति जरनल पैरो ने जॉर्ज पर आक्रमण कर दिया। अक्तूबर 1801 में वर्तमान जहाजगढ़ वाले स्थान पर भीषण युद्ध आरम्भ हो गया।

जॉर्ज थॉमस व उसके तीन यूरोपियन सेनापतियों ने मराठा सेना से महीनेभर तक युद्ध किया। बेरी, मोहम्मदपुर माजरा, पलडा व भारावास की थली क्षेत्र में युद्ध होता रहा। अन्त में जॉर्ज 10 नवम्बर 1801 की रात को हांसी पलायन कर गया। वहां भी मराठा सेना पीछा करती हुई 21 नवम्बर को पहुंच गई। फिर लगभग 15 दिनों तक जॉर्ज ने हांसी में भी युद्ध किया।

अन्ततः दिसम्बर 1801 में हरियाणा के राजा कहलाने वाले जॉर्ज थॉमस ने मराठा सेना के सामने सशर्त समर्पण कर दिया। फिर अपने देश आयरलैंड को जाते हुए मार्ग में ही अगस्त 1802 में ही जॉर्ज का निधन हो गया। आश्चर्यजनक रूप से हरियाणा संस्थापक व उपरोक्त भीषण युद्धों को विद्यार्थियों के पाठ्यक्रम में शामिल नहीं किया गया। जॉर्ज की भारतीय पत्नी ने उसके साथ आयरलैंड जाने से इनकार कर दिया था। इसलिए अपने बीवी-बच्चों को कुछ धनराशी देकर जॉर्ज बेगम समरु के पास सरधना में छोड़ गया था। वह आयरलैंड के टिपरेरी प्रान्त का मूल निवासी था, जो 1781 में मद्रास पहुंच गया था।

# हास्य कला में छिपे हैं समाजोत्थान के संदेश : रेणू दूहन

कलाकार

**ओ.पी. पाल**

हरियाणा की लोक कला एवं संस्कृति को जीवंत रखने की दिशा में लेखक, लोक कलाकार, गीतकार अलग-अलग विधाओं में अपनी कलाओं की अलख अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जगाने में जुटे हुए हैं। ऐसे ही कलाकारों में युवा महिला कलाकार रेणू दूहन सामाजिक सरोकार से जुड़े मुद्दों और संस्कृति के साथ सामयिक घटनाओं पर आधारित लेखन तथा लोक कला के प्रदर्शन से खासकर युवा पीढ़ी को नई दिशा देने का प्रयास करती आ रही हैं। कविता के साथ अभिनय, हास्य-व्यंग्य तथा मिमिक्री से पहचान बनाने वाली कलाकार रेणू दूहन ने हरिभूमि संवाददाता से हुई बातचीत में कुछ ऐसे पहलुओं का जिक्र किया है, जिसमें उन्होंने समाज कल्याण और संस्कृति के संवर्धन में कलाकारों की अहम भूमिका निभाने का संदेश दिया है। रेणू दूहन का जन्म 17 अक्टूबर 1995 को हिसार जिले के गांव पेटवाड़ में रमेश दूहन और वीना दूहन के घर में हुआ। जब वह पांच साल की थी, तो उनका परिवार जींद आकर रहने लगा। उनके घर में किसी प्रकार का साहित्य या सांस्कृतिक माहौल नहीं था। उनके पिता और भाई व्यापार करते हैं। तीन भाई-बहनो में उसका भी एक लड़के की तरह पालन पोषण किया गया। किसी बात में या कुछ भी करने से पहले उसे कभी यह महसूस नहीं होने दिया कि वह एक लड़की है। इन्हें बचपन से ही लोक अभिनय में अभिरुचि रही, लेकिन उनके परिवार वालों को उनका कला के क्षेत्र में भागीदारी करना अच्छा नहीं लगा। बकौल रेणू दूहन बचपन से ही उन्हें मंच का बहुत शौक था। स्कूल में हर शनिवार को होने वाली बाल सभा में उन्हें एंकर बनाया जाता था। उन्होंने कई बार कविता, निबंध लेखन, नाटक, नृत्य आदि में भागीदारी की। जब वह कालेज में पढ़ रही थी तो उनकी कला को देखकर कई शिक्षिकाओं ने उन्हें इस दिशा में प्रोत्साहित करके मदद की। रत्नावली फेस्टिवल में अपने कॉलेज से वही जाती थी। उसने अपने चाचा की मदद से कविता लिखी, जो राज्य स्तर पर द्वितीय स्थान पर रही। इससे उनका लोक साहित्य के प्रति आत्मविश्वास बढ़ा। इसी से प्रेरित होकर साल 2015 से उसने लिखना शुरू किया। रेणू दूहन हास्य व्यंग्य और कविताएं भी लिखती हैं तो उनके इस हास्य में भी समाज के लिए कुछ न कुछ ऐसे संदेश छिपे होते हैं जो नशे की तरफ जाते आज के युवाओं को जागरूक करके उन्हें सही राह दिखाने का काम करते हैं। उनके लेखन, अभिनय या फिर हास्य व्यंग्य का फोकस समाज को सकारात्मक ऊर्जा देने की दिशा में ही रहा है, ताकि खासकर युवा पीढ़ी अपनी संस्कृति की मूल जड़ों से जुड़ी रहे। थिएटर कार्यशाला के अलावा रेणू यूथ फेस्टिवल में भी हिस्सेदारी करती रही हैं और कॉलेज कार्यशाला में नई प्रतिभाओं को भी लोक कला व संस्कृति के प्रति उन्हें प्रशिक्षण देने का काम किया है। इस आधुनिक युग में लोक कला और संस्कृति के सामने आ रही चुनौतियों को लेकर उनका कहना है कि यदि हम समाज के लिए अच्छा नहीं कर रहे या लिख रहे हैं तो हमारी लेखनी का कोई फायदा नहीं।





### ये मिले पुरस्कार

रेणू दूहन को स्कूल व कालेज की शिक्षा के दौरान ही कविता व चुटकुले आदि लिखने और नुक्कड नाटक करने, रंगमंच के लिए राज्य स्तर पर दो बार चुटकुलों के लिए प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। अभिनय के क्षेत्र में रत्नावली फेस्टिवल में राज्य स्तर पर सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के पुरस्कार से नवाजा गया। निबंध प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर प्रथम पुरस्कार और कविता लेखन में द्वितीय व तृतीय पुरस्कार भी हासिल किए हैं।

### ऐसे मिली करियर को मंजिल

हास्य कलाकार रेणू दूहन ने बताया कि अभिनय के क्षेत्र में वह पहले से ही अभिरुचि रखती थी। उनका पहला यूट्यूब वीडियो बहन-भाई का प्यार रक्षाबंधन को लेकर था, जिसमें उसने बहन का किरदार निभाया। ऐसे वीडियो में वह लगातार बहन की ही भूमिका में अभिनय कर रही हैं। वह कुरुक्षेत्र के रत्नावली, नुक्कड़ नाटक आदि में हिस्सा लेती रही। उन्होंने हरियाणवी फिल्म 'बहू काले की' में बहन का किरदार निभाया है। वहीं, वेबसीरिज डिजिटल ताई के अलावा स्टेज एप पर करीब एक दर्शन स्टैंडअप कॉमेडी शो किए हैं। पांच सालों से वे अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव कुरुक्षेत्र में भी अपनी कला के रंग बिखेर रही हैं। स्टेज एप ओटीटी के लिए उनके पहले स्टैंडअप कॉमेडी शो के रिलीज होने के 3-4 दिन में ही उसे लाखों लोगों ने देखा। इससे लोकप्रियता मिली। हास्य कलाकार रेणू दूहन ने साल 2019 में आस्ट्रेलिया के सिडनी शहर में भी अपनी कला का प्रदर्शन करके हरियाणवी संस्कृति की अलख जगाई है। रेणू का कहना है कि हमारा कंटेंट ऐसा होना चाहिए जो पूरा परिवार एक साथ मिलकर देख सके। कई बार आज का युवा लोकप्रिय होने के लिए कुछ भी करने को तैयार है तो कि बहुत गलत है।

## खबर संक्षेप

### स्वच्छता पर्यावरण शुद्ध रखने में मददगार : सेव

**जींद।** सामाजिक संस्था सोसायटी फोर एडवांसमेंट ऑफ विलेज एंड अर्बन इंवायरमेंट सेव ने रविवार सुबह महात्मा गांधी पार्क में श्रमदान किया। संस्था के प्रधान नरेंद्र नाडा की अध्यक्षता में चलाया गया यह 415वां अभियान था। सेव संस्था के सदस्यों ने पार्क में साफ-सफाई करने के साथ-साथ आम आदमी को पर्यावरण शुद्ध रखने का संदेश दिया। संस्था सदस्यों ने कहा कि लोगों ने पर्यावरण शुद्ध रखने में अपना सहयोग देना चाहिए।

### क्रोध विनाश की ओर ले जाता है : संत महाराज

**सफीदों।** कुटिया शांत सरोवर के तत्वावधान में चल रहे 31वें वार्षिकोत्सव का रविवार को नगर की महाराजा शूरसैनी धर्मशाला में समापन हो गया। समारोह में संत सुखदेवानंद महाराज का सानिध्य प्राप्त हुआ। साध संगत ने संत सुखदेवानंद महाराज का माल्यार्पण करके अभिनंदन किया। कार्यक्रम के दौरान छोटे-छोटे बच्चों द्वारा सुंदर झांकियां प्रस्तुत की गई।

### गांव खेड़ी मंसानिया में भंडारा-जागरण 26 को

**जींद।** खेड़ी मंसानिया गांव की बड़ी चौपाल में 26 फरवरी को भंडारे एवं जागरण का आयोजन होगा। 21 फरवरी से दादा खेड़ा धाम पर पूजा अर्चना चल रही है। 25 फरवरी को शोभा यात्रा गांव में निकाली जाएगी। 26 फरवरी को मूर्ति स्थापना होगी। विशेष आमंत्रित कलाकार के तौर पर रामधन गोस्वामी पहुंचेंगे।

### सीआरएसयू ने 15 दिन में रिजल्ट किया जारी

**जींद।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की मांग पर सीआरएसयू ने 15 दिन में रिजल्ट जारी कर दिया है। इसका ज्ञापन फरवरी को कुलसचिव को विश्वविद्यालय के उप कुलपति के नाम ज्ञापन सौंप कर मांग की थी। सीआरएसयू इकाई अध्यक्ष सचिन चांदपुर ने बताया कि यूजी 1, 3, 5 सेमेस्टर के रिजल्ट जल्द से जल्द जारी करें। क्योंकि पोस्ट ग्रेजुएशन प्रोविजनल एडमिशन ले रखा है। अगर विद्यार्थी रिजल्ट सबमिट नहीं कर पाया तो उसका दाखिला रद हो जाता। जिला संयोजक परमेंद्र सैनी ने बताया कि विश्वविद्यालय में कुछ पीजी डिप्लोमा कोर्स चल रहे है।

### श्रद्धालुओं ने की नागक्षेत्र सरोवर की साफ-सफाई

**सफीदों।** निरंकारी मिशन ब्रांच सफीदों के तत्वावधान में बाबा हरदेव सिंह महाराज के जन्मदिवस पर नगर के ऐतिहासिक पवित्र स्थल नागक्षेत्र सरोवर की साफ-सफाई की। निरंकारी मिशन के श्रद्धालुगण नागक्षेत्र सरोवर पर पहुंचे और उन्होंने मंदिर प्रांगण व सरोवर में सफाई अभियान चलाया।

### एथलेटिक्स मीट का किया आयोजन

**नरवाना।** डीबीके पब्लिक स्कूल में वार्षिक एथलेटिक्स मीट दृ प्राइज़ -रनष का भव्य आयोजन किया गयाए जिसमें मुख्य अतिथि अमित भाटिया ने गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। विद्यार्थियों के लिए एक अद्भुत अवसर थाए जहाँ उन्होंने ट्रैक और फील्ड स्पर्धाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसके साथ ही छात्रों ने भव्य मार्च पास्ट पीटीण व्यायाम डंबल एक्सरसाइज़ योग एरोबिक्स व सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत कर मंत्रमुग्ध कर दिया।

### शिव जयंती के उपलक्ष्य में निकाली प्रभात फेरी

**जुलाना।** जुलाना कस्बे के ब्रह्मकुमारी केंद्र में शिव जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में राज्य सभा सांसद रेखा शर्मा ने शिरकत की। कार्यक्रम में सुबह के समय प्रभात फेरी निकाली गई। केंद्र पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### स्वयंसेविकाओं ने गांव सिंघपुरा में किया श्रमदान

**सफीदों।** नगर के सरला मेमोरियल रा.कन्या महाविद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा उपमंडल के गांव सिंघपुरा में सप्त दिवसीय एनएसएस कैंप का शुभारंभ हुआ। कैंप की अध्यक्षता प्राचार्या डा. तनाशा हुडा ने की। इस मौके पर उप प्रचार्या सुषमना विशेष रूप से मौजूद रहीं।डा. विकास लाठर द्वारा स्वयं सेविकाओं को एनएसएस का महत्व बताया गया।

---

### हरिगढ़ के स्थापना दिवस पर समरस गंगा ग्राम उत्सव

# बुजुर्ग महिलाओं की मटका रेस में कमलेश ने पाया प्रथम स्थान

## गांव के दादा खेड़े पर विशाल हवन में ग्रामीणों ने डाली आहुति

हरिभूमि न्यूज. सफीदों

सफीदों उपमंडल के गांव हरिगढ़ के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को समरस गंगा ग्राम उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हिंदू जागरण मंच के प्रदेश संयोजक दीपक ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कार्यक्रम में जींद के केरखेड़ी स्थित श्री कपिलेश्वर महादेव मंदिर के महंत डा. विक्रमगिरी महाराज का सानिध्य प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्वलित करके किया गया। इससे पूर्व गांव के दादा खेड़े पर विशाल हवन किया गया। इस दौरान गांव में अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ खेलों प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। इस दौरान बुजुर्गों की दौड़, महिलाओं की दौड़, महिलाओं की मटका रेस, ग्रामीणों के बीच रस्साकस्सी व स्कूली बच्चों में दौड़ व खो-खो प्रतियोगिताएं करवाईं गईं। कार्यक्रम के मंच राजकीय माध्यमिक विद्यालय हरिगढ़ के विद्यार्थियों व हरियाणा संस्कृति कला परिषद कुरुक्षेत्र की टीम ने पारम्परिक धोती-कुर्ता व दामन पहनकर अपनी-अपनी प्रस्तुतियां दीं। इस अवसर पर गांव में निःशुल्क प्राकृतिक चिकित्सा कैंप व नेत्र जांच शिविर का भी आयोजन किया गया। जिसमें 120 ग्रामीणों अपने स्वास्थ्य की जांच व 85 ग्रामीणों ने अपनी आंखें चेक करवाई। शिविर में लोगों को दवाईयां व चश्में निःशुल्क वितरित किए गए।

ग्रामीण साहब सिंह लांबा, मा. सतीश लांबा, वेद लांबा, मा. देवेंद्र व समुंद्र सिंह ने बताया कि सन् 1866 में गांव हरिगढ़ गांव हाट से अलग होकर बसा था। ग्रामीणों ने बैठक करके गांव का नाम भगवान हरि के नाम से हरिगढ़ रखने का फैसला किया। तब से ही इस गांव को हरिगढ़ के नाम से जाना जाता है। पिछले काफी लंबे समय से ग्रामीण इस गांव का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाते आ रहे हैं। यह रहे परिणामः बुजुर्ग महिलाओं की मटका रेस में कमलेश ने प्रथम, सुनीता ने द्वितीय व कमला ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं 100 मीटर दौड़ में कमलेश प्रथम, सीमा ने द्वितीय व भतेरी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पुरुषों की दौड़ में प्रथम बलजोरा व द्वितीय स्थान पर बलबीर फौजी रहे। खो-खो प्रतियोगिता में राजकीय स्कूल हरिगढ़ की टीम प्रथम व एमडी सीनियर सैकेंडरी स्कूल बागडू की टीम ने द्वितीय स्थान पर रही। कक्षा आठवीं तक की लड़कियों की दौड़ में काफी प्रथम, वंशिका द्वितीय व शकीना तृतीय स्थान पर रही। लड़कियों की ओपन दौड़ में कोमल प्रथम, खुशी द्वितीय व प्रिया तीसरे स्थान पर रही। 6 से 8 तक के लड़कों की दौड़ में वंश प्रथम, आदित्य द्वितीय व मोनिक तीसरे स्थान पर रहा। लड़कों के ओपन दौड़ में आर्यन प्रथम, विवेक द्वितीय व दीपक तीसरे स्थान पर रहा। पहली से पांचवी कक्षा तक के बच्चों में विकास प्रथम, आदित्य द्वितीय व अरमान तृतीय स्थान पर रहा। मुख्य स्थान पर आने वाले बच्चों, महिलाओं व पुरूषों को नकद ईनाम व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।


**सफीदों।** मटका दौड़ में भाग लेती हुईं महिलाएं।


**सफीदों।** रस्सा कस्सी में भाग लेते हुए युवा व बुजुर्ग।


**सफीदों।** स्कूली छात्राओं को सम्मानित करते गण्यमान्य लोग।

---



**जींद।** मंत्री बेदी को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए।

## शिक्षा के साथ-साथ बच्चे खेलों में भी दिखाएं अपनी रुचिः कृष्ण बेदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा के सामाजिक एवं न्याय अधिकारिता मंत्री कृष्ण बेदी ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा निरंतर शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं का सुधारीकरण किया जा रहा है। यह कार्य राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शुमार है। उन्होंने शिक्षण संस्थानों का आह्वान किया कि वे बच्चों के बौद्धिक विकास के साथ-साथ उन्हें राष्ट्र के प्रति देशभक्ति के संस्कार देने वाली शिक्षा दें ताकि बच्चे बड़े होकर राष्ट्र के प्रति उत्तरदायी नागरिक बन सकें।

मंत्री कृष्ण बेदी रविवार को मॉर्डन पब्लिक स्कूल ढाकल के वार्षिक उत्सव को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बच्चों में छोटी उम्र में जो संस्कार बन जाते हैं, वे जीवनभर मनुष्य का साथ देते है। इसलिए शिक्षकों को चाहिए कि वे बच्चों में नैतिक मूल्यों की जानकारी दें। अनुशासन का मुनष्य जीवन में विशेष स्थान है। बच्चों को अनुशासित रहकर अपना लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं है। मेहनत ही एक विकल्प है। इससे लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि एक सैनिक का जीवन हम सब के लिए अनुशासन की एक जीती जागती मिशाल है। अनुशासन में रहकर विद्या अध्ययन कर प्रतिभावान छात्र बुलंदियों को छू सकते हैं। शिक्षा के साथ-साथ खेलों का भी हमारे जीवन में विशेष महत्व है। आज अनेक युवक एवं युवतियों ने खेलों के क्षेत्र में देश व प्रदेश का नाम रोशन किया है। प्रदेश एवं देश का नाम रोशन करने वाले खिलाडियों को केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा खेल नीति के तहत प्रोत्साहित भी किया जा रहा है। कहा कि नरवाना विधानसभा क्षेत्र में चहुंमुखी विकास करवाएं जाएंगे और स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति जल्द ही नई सौगात दी जाएगी। उन्होंने कहा कि स्कूल द्वारा जो मांगे रखी गई है उसे भी पूरा करने का काम किया जाएगा। इस अवसर पर नगर परिषद चेयरमैन प्रतिनिधि विशाल मिर्धा आदि मौजूद रहे।

---

## सफाई कर दिया स्वच्छता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अलेवा

रविवार को डाहौला शाखा के द्वारा संत निरंकारी मिशन सामाजिक शाखा संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के नेतृत्व में डाहौला गांव के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में साफ -सफ ाई करते हुए स्वच्छता संदेश दिया। डाहौला शाखा के मुखी कृष्ण कुमार संचालक ऋषि पाल नागर एवं शिक्षक सतीश मैहरा ने बताया कि संत निरंकारी मिशन का प्रोजेक्ट अमृत 23 फ रवरी को देशभर में जल स्रोतों की साफ -सफ ाई कर अभियान चलाकर मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि संत निरंकारी मिशन आध्यात्मिक जागृति के साथ- साथ समाज की सेवाभाव से विभिन्न प्रकार के सामाजिक अभियान चलाकर कर रहा है। वर्ष 2023 फ रवरी माह से प्रोजेक्ट अमृत के तहत जल स्वच्छ मन परियोजना संत निरंकारी मिशन द्वारा आरंभ की गई। समाज में सभी वर्गों के द्वारा इस परियोजना की अत्यधिक सराहना की गई। संत निरंकारी मिशन की सामाजिक शाखा संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा सामाज कल्याण के कार्य वर्षों से किए जा रहे हैं । जैसे रक्त दान, वृक्षा रोपण, स्वच्छता अभियान आदि । संत निरंकारी मिशन मानव सेवा को ही ईश्वर की सच्ची भक्ति मानता है। संत निरंकारी मिशन कोई धर्म या संप्रदाय नहीं है ये केवल एक आध्यात्मिक विचारधारा है।


राजकीय वमावि डाहौला में साफ सफाई करते संत निरंकारी मिशन के सदस्य।

### आर्य समाज नरवाना में यज्ञ का आयोजन

**नरवाना।** आर्य समाज नरवाना में महर्षि दयानंद सरस्वती जन्मोत्सव पर्व के उपलक्ष में पर्यावरण शुद्धि एवं समृद्धि के लिए यज्ञ हवन किया गया। साप्ताहिक सत्संग में धर्मपाल एवं यशपाल आर्य ने भजन एवं गीतों के माध्यम से ऋषि दयानंद सरस्वती के समाज एवं राष्ट्र निर्माण में सर्वाधिक योगदान का यशोगान किया गया। आर्य समाज प्रधान ने कहा कि आधुनिक भारत के निर्माण में महर्षि दयानंद का अविस्मरणीय योगदान रहा है। महर्षि दयानंद के तर्क. वितर्क एवं ज्ञान. विज्ञान के प्रचार प्रसार से संपूर्ण विश्व में सामाजिक क्रांति का सूत्रपात हुआ था। दुनिया अज्ञानता एपाखंडए अविद्याए अनाचार एदुराचारए छल .कपटए शोषण एदमनए पराधीनता और गुलामी की दास्तान से स्वतंत्र हुई । उन्होंने बताया कि कल 24 फरवरी को महर्षि दयानंद जन्म उत्सव एवं बोध उत्सव के उपलक्ष में आर्य समाज नरवाना में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

## विजेंद्र को प्रदेश सह संरक्षक पद की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद प्राइवेट स्कूल संघ द्वारा नए सत्र शुरू होने के उपलक्ष्य में आगाज 2025 के लिए मीटिंग का आयोजन किया गया। इसमें प्रदेश के विभिन्न पदाधिकारी ने हिस्सा लिया। जिला जींद अध्यक्ष पुरुषोत्तम शर्मा की अध्यक्षता में इस बैठक का आयोजन हुआ। इसमें प्रदेश अध्यक्ष वजीर सिंह के साथ दलशेर लोहान, राजेश, सतीश मलिक, विनोद कुमार आदि प्रदेश कार्यकारिणी के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने भाग लिया। इस अवसर पर विजेंद्र रेढू को प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के प्रदेश सह संरक्षक के रूप में जिम्मेवारी दी गई और सम्मानित किया गया। रेढू ने इसके लिए प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के पदाधिकारयों एवं सदस्यों का आभार जताया और भरोसा दिलाया कि वे संघ के लिए बढ़.चढ़कर कार्य करेंगे। हरियाणा प्रदेश में प्राइवेट स्कूल अनेकों प्रकार की समस्याएं से जूझ रहे हैं। इनमें मुख्य रूप से स्कूल वाहनों का 10 वर्ष में एनसीआर एरिया में लाइफ का समाप्त होना, आरटीई, 134ए, चिराग योजना आदि के तहत सरकार द्वारा जो विद्यार्थी भेजे जाते हैं उनके ड्यूज का समय पर भुगतान नहीं होना वाहन सुरक्षा पॉलिसी के बहाने अनाप-शनाप स्कूल वाहनों के चालान करना इत्यादि प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन इन सभी समस्याओं को लेकर सरकार के साथ मिल बैठ कर इन का समाधान करवाने का कार्य करेंगे। प्राइवेट स्कूल प्रदेश व राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभाते हैं और सरकार के एक बहुत बड़े कार्य को संपन्न करने का काम करते हैं।


**जींद।** विजेंद्र रेढू को सम्मानित करते आयोजक।

---


**जुलाना।** लोगों को संबोधित करते राज्य सभा सांसद रेखा शर्मा।

### परशुराम धर्मशाला में पहुंची राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा

**जुलाना।** जुलाना कस्बे की परशुराम धर्मशाला में भाजपा की राज्य सभा सांसद रेखा शर्मा पहुंची और जनसभा को संबोधित किया। रेखा शर्मा ने कहा कि केंद्र और प्रदेश में भाजपा की सरकार चल रही है और जुलाना में भाजपा का उम्मीदवार ही जीतेगा। विरोधी पार्टी के लोगों ने गलत प्रचार कर दिया था, एक समय था जब लोग बहकावे में आ गए थे लेकिन अब नही आएंगे। प्रदेश में भाजपा की सरकार के साथ लोग चलेंगे। पूरा प्रदेश भाजपा के साथ हैं। रात के 12 बजे भी मुख्यमंत्री मिलते हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री जमीन से जुड़े हुए हैं। प्रदेश के मंत्री और सांसद की हर सीट पर जिम्मेवारी लगाई गई है। रेखा शर्मा ने भाजपा के उम्मीदवार डा. संजय के पक्ष में वोट करने की अपील की। रेखा शर्मा की मौजूदगी में दर्जनों लोगों ने कांग्रेस छोड़ भाजपा पार्टी का पटका पहन लिया। रेखा शर्मा ने कहा कि भाजपा में एक कार्यकर्ता को पूरा मान सम्मान दिया जाता है।

## कैंप में 60 लोगों ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

शाखा सचिव राजेश टांक ने बताया कि परिषद के ध्येय वाक्य संपर्क का विस्तार करते भारत विकास परिषद और युवा संगठन सुंदरपुरा मिलकर पहली बार विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर डॉ जसवंत सिंहए विशिष्ट अतिथि के तौर पर डॉ0 दलबीर सिंह व सुखबीर श्योकंद ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता एडवोकेट संजय सिंगला की। सबसे पहले मां भारती और स्वामी दयानंद जी के श्रीचरणों में दीप प्रज्वलित कर कर वंदे मातरम की ध्वनि के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इसके तुरंत बाद मुख्य अतिथि विशिष्ट अतिथि का अंगवस्त्रएफूल मालाओंएबुके और सप्रेम मोमेंटो से संजय सिंगलाएराजेश टांक जयपाल बंसल कर्मपाल शर्मा नवीन और बलिंद्र श्योकंद द्वारा सम्मान किया गया। इस रक्तदान शिविर में 60 लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदान करते समय युवाओं में बहुत जोश दिखाई दिया। इस कैंप में दो मातृ शक्तियों मनीता देवी औरसरोज ने भी रक्तदान किया। मुख्य अतिथि डॉ 0जसवंत सिंह और विशिष्ट अतिथि डॉ0 दलबीर ने संबोधन में महर्षि दयानंद सरस्वती के पद चिह्नों पर इसी उत्साह व जोश से चलकर युवाओं को राष्ट्र निर्माण के लिए लगातार रक्तदान शिविर और चरित्र निर्माण शिविर और सामाजिक कार्यों में बढ़.चढ़कर आयोजन करने की सलाह दी।


**नरवाना।** रक्तदाता की हौंसलाअफजाही करते हुए।



**सफीदों।** शिविर को संबोधित करते समाजसेवी देवेंद्र सहरावत।

### एनएसएस शिविर में लगाया गया स्वास्थ्य जांच कैंप

सफीदों। राजकीय पीजी कॉलेज सफीदों के तत्वाधान में उपमंडल के गांव रत्ताखेड़ा में एनएसएस इकाई द्वारा आयोजित एनएसएस शिविर के छठे दिन बालाजी अस्पताल द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ बतौर मुख्यातिथि समाजसेवी देवेंद्र सहरावत ने किया। इस मौके पर गुरू नानक सेवा संघ समिति के अध्यक्ष श्याम स्वामी विशेष रूप से मौजूद रहे। एनएसएस अधिकारी डा. जयविंद्र शास्त्री व रीनू ने आए हुए अतिथियों का बुके देकर अभिनंदन किया। स्वास्थ्य जांच शिविर में गांव के सैंकड़ों लोगों का स्वास्थ्य जांचकर उन्हे निःशुल्क दवाईयां प्रदान की गई। इसके अलावा लोगों का होमोग्लोबिन, बीपी व मधुमेह की निःशुल्क जांच की गई। अपने संबोधन में डा. देवेंद्र सहरावत ने कहा कि जीवन में कुछ करने व कुछ पाने के मनुष्य का स्वास्थ्य उत्तम होना जरूरी है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन निवास करता है।

---

**पत्रकारवार्ता** युवाओं को प्रशिक्षण देकर परंपरागत खेती की बजाए व्यवसायिक खेती के लिए किया जाएगा प्रेरित

# जींद को फूलों की खेती का हब बनाने के लिए किए जाएंगे प्रयास : अर्जुन खटकड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

रेड मिर्ची एसोसिएटस के डायरेक्टर अर्जुन खटकड़ ने कहा कि जींद को फूलों की खेती का हब बनाने के लिए यहां जल्द ही एक बड़ा प्रोजैक्ट शुरु किया जाएगा ताकि किसानों का रुख परंपरागत खेती से हटाकर व्यवसायिक खेती की तरफ किया जा सके। आज खेती में लागत ज्यादा होने व उत्पादन कम होने के कारण खेती किसानों के लिए घाटे का सौदा बन रही है। इसके चलते प्रदेश के युवा अपनी पुश्तैनी जमीन बेचकर विदेशों का रुख करने को मजबूर हैं। अर्जुन खटकड़ रविवार को निजी होटल में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस दौरान उनके साथ हॉलेंड के कृषि विशेषज्ञ डेरिक भी मौजूद रहे। अर्जुन खटकड़ ने कहा कि हमारे यहां प्राचीन काल में एक कहावत चलती थी कि उत्तम खेती मध्यम व्यापारी यानि की खेती को व्यापार से ज्यादा अच्छा माना जाता था लेकिन समय के साथ-साथ आज खेती किसानों के लिए लगातार घाटे का सौदा बनती जा रही है। इसका मुख्य कारण है खेती में कीटनाशकों के बढ़ते प्रयोग के कारण किसान का खर्च तो बढ़ रहा है लेकिन आमदनी इतनी ज्यादा नहीं है। वहीं खेतों में बढ़ते कीटनाशकों के प्रयोग के कारण हमारा खान.पान व जमीन भी दूषित हो रही है। इससे भिन्न-भिन्न प्रकार की बीमारियां पैदा हो रही हैं। हमारे किसान गेहूं व धान की फसलों के पीछे ही पड़े हुए हैं। जबकि धान के उत्पादन में सबसे ज्यादा पानी खर्च होता है। मात्र एक किलो चावल उगाने में 350 लीटर पानी खराब हो जाता है। इसलिए अब समय आ गया है कि किसानों को खेती के क्षेत्र में कुछ नया करने की आवश्यकता है। किसानों को परंपरागत खेती को छोड़कर खेती को व्यवसायिक तौर पर अपनाना होगा। खटकड़ ने कहा कि हॉलेंड की आबादी हरियाणा जितनी है लेकिन दुनिया में खाद्य वस्तुओं के निर्यात के मामले में विश्व में दूसरे नंबर पर है।


**जींद।** पत्रकारों से बातचीत करते अर्जुन खटकड़।

### संगीत प्रतियोगिता में नरवाना के पांच बच्चे छाये

**नरवाना।** ब्रह्मकुमारीज संस्था माउंट आबू राजस्थान द्वारा महाशिवरात्रि के उपलक्ष में राजयोग फ़ॉर किड्स के तहत स्पिरिचुअल सिंगिंग कांटेस्ट का राष्ट्रीय स्तर पर ऑनलाइन कंपटीशन आयोजित किया गया जिसमें पूरे भारतवर्ष के बच्चों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में नरवाना संगीत शिक्षण संस्थान के भी पांच बच्चों ने भाग लिया और सभी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर अपनी धाक जमाई। संस्थान के निदेशक अरविंद गर्ग ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रतियोगिता में पूरे भारतवर्ष के गुवाहाटीए वडोदराए मुंबईए दिल्लीए अहमदाबादए नोएडाए कोलकाताए पुणेए पठानकोटए भोपालए जयपुरए लखनऊ एवं अन्य शहरों से अनेक बच्चों ने भाग लिया जिसमें डायमंड वर्ग 11 से 15 वर्ष में परी ने प्रथम स्थान तथा एंजेल्स ग्रुप 5 से 10 वर्ष में वेदांत गर्ग ने तृतीयए रुद्राक्ष श्योकंद ने सातवांए निर्वाण श्योकंद ने तेरहवां व नव्या गर्ग ने सोलहवां स्थान हासिल करते हुए केवल नरवाना का ही नहीं अपितु हरियाणा में जिला जींद का नाम रोशन किया। यह सभी विद्यार्थी संगीत शिक्षण संस्थान में अरविंद गर्ग के निर्देशन में संगीत की शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं



## खबर संक्षेप

### 25 को नशे के खिलाफ करेंगे जागरूक

**कैथल।** कैथल पुलिस द्वारा लम्बे समय से नशे के खिलाफ एक अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत एसपी राजेश कालिया के आदेशानुसार 25 फरवरी सुबह 10 बजे पुलिस लाइन कैथल में नशा के खिलाफ महाकुम्भ का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे स्वास्थ्य, शिक्षा, खेल, पंचायत, महिला एवं बाल विकास व अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी तथा कैथल के सभी गांव के पंच व सरपंच भाग लेंगे। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की कैथल पुलिस द्वारा पुरे भारत में एक पहल की गई है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवती लापता, केस दर्ज

**कैथल।** चीका से एक युवती बिना बताए घर से चली गई। इस संबंध में चीका के एक महिला ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि 18 फरवरी को सायं के समय उसकी 18 वर्षीय बेटी बिना बताए घर से चली गई। उन्होंने उसकी आसपास काफी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला। जांच अधिकारी सब इंस्पेक्टर विजेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### दुकान से एसी व अन्य सामान चोरी, केस दर्ज

**कैथल।** कलायत पुलिस ने चोरी का एक मामला दर्ज किया है। कुराड के सचिव ने कलायत पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 21 फरवरी को चोर उसकी दुकान में घुसकर वहां पर रखे एसी, इनवर्टर, बैटरी व अन्य सामान चुरा कर ले गए। चुराए गए सामान की कीमत 80000 बताई गई है।

### संस्कृत के उत्थान को मिलकर काम करें

**कैथल।** हनुमान वाटिका में रविवार को हरियाणा राजकीय संस्कृत अध्यापक संघ जिला कैथल की कार्यकारिणी की बैठक हुई।बैठक में पहुंचने वाले सभी संस्कृत प्रेमियों का अभिनंदन किया गया। इस मौके पर पूर्व प्रधान रतन कुमार शर्मा ने संस्कृत भाषा से जुड़े कई मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। संस्कृत प्रेमियों अनुरागियों के लगातार संघर्ष के कारण त्रिभाषा सूत्र को लागू होने पर हार्दिक बधाई दी गई। जिला संस्कृत प्रधान कृष्ण चंद्र शास्त्री ने कहा कि संस्कृत अध्यापकों के हितों की रक्षा करने के लिए हरियाणा संस्कृत अध्यापक संघ कैथल हमेशा प्रयासरत रहेगा।

### कलम सिंह की भैंस ने जीता इनाम

**अलेवा।** ईक्कस गांव के पशु चिकित्सालय में पशु विभाग द्वारा दो दिवसीय दुग्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पशु चिकित्सक कृष्ण शर्मा ने की। इस अवसर पर ईक्कस गांव के कमल सिंह की भैंस ने 25.680 किलोग्राम दूध देकर प्रथम ईनाम के रूपये में 40 हजार रूपये जीते। इस अवसर पर पशु पालकों को संबोधित करते हुए पशु चिकित्सक कृष्ण शर्मा ने कहा कि किसान अच्छी किश्म के पशु पाले। इस मौके पर पशु चिकित्सक जयविंद्र ढांडा, वीएलडीए सुनील कुमार, अंकिता सिवाच, सुमित तथा रोबिन सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# राहतः मार्केटिंग बोर्ड कैथल जिले में बिछाएगा नई सड़कों का जाल

सूरज सहारण ⏭ कैथल

हरियाणा राज्य कृषि विपणन मंडल जिले में नए वित्त वर्ष में करीब 30 करोड़ की लागत से जिले में नई सड़कों का जाल बिछाएगा। इसके लिए विभाग ने अभी से तैयारियां शुरू कर दी हैं। इस दौरान जहां नई सड़कों का निर्माण करवाया जाएगा तो वहीं पुरानी सड़कों की विशेष मरम्मत भी करवाई जाएगी। बता दें कि जहां सरकार राष्ट्रीय राजमार्ग बनाकर सड़क तंत्र को मजबूत कर रही है तो वहीं शहरी व ग्रामीण क्षेत्र की सड़कों को भी मजबूती दी जा रही है। जिले में यदि सड़क तंत्र की बात की जाए तो जहां हरियाणा राज्य कृषि विपणन मंडल सड़क निर्माण करवाता है तो वहीं शहरी क्षेत्र में नगर परिषद या नगर पालिका इस कार्य को करवाती है। हालांकि नगर परिषद व नगर पालिका का दायरा सीमित होता है लेकिन पूरे जिले की सड़कों का निर्माण व देखरेख मुख्य रूप से हरियाणा राज्य कृषि विपणन मंडल के जिम्मे होती है।

आंकड़ों पर नजर दौड़ाई जाए तो हरियाणा राज्य कृषि विपणन मंडल कैथल द्वारा वर्ष वित्त वर्ष 2024 में 1560.71 लाख की लागत से 24.75 किलोमीटर की नई सड़क बनवाई तथा 1269.70 लाख की लागत से 58.15 किलोमीटर सड़कों की विशेष मरम्मत करवाई।



सतपाल गोपेरा



ग्रामीण क्षेत्र को जोड़ती सड़क फोटो हरिभूमि

#### ये होगा फायदा

हरियाणा राज्य कृष्णि विपणन मंडल का मुख्य ध्येय जहां सड़क तंत्र के माध्मय से गांवों को आपस में जोड़ना है तो वहीं ग्रामीण क्षेत्र को शहरी क्षेत्र से भी जोड़ना है। बोर्ड द्वारा किसानों को अपनी फसल को खेत से मंडियों तक लाने के लिए सड़क तंत्र का जाल बिछाया जाता है। बोर्ड जिले भर में विशेष सर्वे के माध्यम से ऐसे कच्चे मार्गों को तलाश रहा है जिन्हें पक्का करते हुए किसानों व ग्रामीणों को लाभ पहुंचाया जा सके।

#### सड़कों की होगी मरम्मत

हरियाणा राज्य कृष्णि विपणन मंडल जहां नए वित्त वर्ष में नई सड़कों का जाल बिछाएगा तो पुरानी सड़कों की भी विशेष मरम्मत करवाई जाएगी। कर्इं बार देखने में आता है कि ग्रामीण क्षेत्र की कई साल पहले बनी सड़क टूट जाती हैं जिस कारण वहां से गुजरने पर राहगीरों व ग्रामीणों को परेशानी उठानी पड़ती है।

#### बनी विशेष योजना

हरियाणा राज्य कृष्णि विपणन मंडल के कार्यकारी अभियंता सतपाल गोपेरा ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सड़क तंत्र को मजबूत करने के आदेश दिए हैं। मुख्यमंत्री के आदेशानुसार नई सड़कों तथा पुरानी सड़कों की मरम्मत के लिए विशेष योजना बनाई गई है। उन्होंने बताया कि नए वित्त वर्ष में करीब 30 करोड़ से अधिक राशि की नई तथा करीब 20 करोड़ की राशि से पुरानी सड़कों की विशेष मरम्मत करवाई जाएगी।



### समाज सेवा के लिए जागरूक करना ही एनएसएस का उद्देश्य

**कैथल।** राजकीय महाविद्यालय कैथल में आज से राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत स्वयं सेविकाओं के लिए सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ हुआ। शिविर का शुभारंभ महाविद्यालय की उप्राचार्य डॉक्टर रोजी गुप्ता और और राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ मोनिका जाखड़ ने सरस्वती मां की प्रतिमा के समक्ष द्वीप प्रचलित करके किया।आज के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर डॉक्टर रोजी गुप्ता ने स्वयं सेविकाओं को संबोधित करते हुए कहा की राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों के बहुमुखी विकास का एक सशक्त माध्यम है , जिसके द्वारा स्वयं सेविकाएं न केवल अपने लिए बल्कि समाज के विकास में भी अपना बहुमूल्य योगदान दे सकती हैं। राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविकाएं राष्ट्र के विकास में अपनी सक्रिय भागीदारी से एक सकारात्मक परिवर्तन ला सकती हैं। कार्यक्रम अधिकारी डॉ मोनिका जाखड़ ने इस अवसर पर स्वयं सेविकाओं से कहा कि यह सात दिवसीय विशेष शिविर में उन्हें अपने व्यक्तित्व का विकास करने के बहुत सारे अवसर मिलेंगे । उन्होंने बताया कि 23 फरवरी से एक मार्च तक चलने वाले इस विशेष शिविर में स्वयं सेविकाएं बौद्धिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से अपने व्यक्तित्व का विकास कर सकती हैं । उन्होंने स्वयं सेविकाओं से अपील भी की कि इस शिविर में उन्हें जो भी कार्य दिया जाए, वह उसे पूरी जिम्मेदारी से निभाएं ।

### दाखिला लेने वाले छात्रों की विभाग के साथ सांझा करनी होगी जानकारी

# चिराग योजना के तहत शैक्षणिक सत्र 2025-26 में दाखिले का पत्र जारी

- मान्यता प्राप्त निजी विद्यालय चिराग स्कीम के तहत 24 से सात मार्च तक दर्ज करवा सकते हैं सहमति
- निजी स्कूलों में जरूरतमंद विद्यार्थियों के कक्षा कक्षा पांचवी से 12वीं में दाखिले का शेड्यूल किया जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

मुख्यमंत्री हरियाणा समान शिक्षा राहत सहायता एवं अनुदान (चिराग) स्कीम के तहत शैक्षणिक सत्र 2025-26 में दाखिले के लिए मौलिक शिक्षा निदेशालय ने पत्र जारी किया है। प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारी और जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी को पत्र जारी हुआ है।

पत्र में कहा गया है कि चिराग योजना के तहत अच्छे निजी स्कूलों में जरूरतमंद विद्यार्थियों के कक्षा कक्षा पांचवी से 12वीं में दाखिले करने के लिए शेड्यूल जारी है। मान्यता प्राप्त निजी विद्यालय चिराग स्कीम के तहत छात्रों के दाखिले करने की सहमति विभाग की वेबसाइट पर 24 फरवरी से लेकर सात मार्च तक दर्ज करा सकते हैं। सहमत मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों की कक्षा अनुसार घोषित सीटों का विवरण विभाग द्वारा विभागीय वेबसाइट या पोर्टल पर दर्शाया जाएगा और संबंधित विद्यालय 15 मार्च से स्कूल में नोटिस बोर्ड पर खाली सीटों की सूची चस्पाएगा। अभिभावक या छात्र सहमत मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों में 15 मार्च से 31 मार्च तक आवेदन कर सकते हैं।

जिन विद्यालयों में सीटों से ज्यादा आवेदन प्राप्त होंगे तो इस स्थिति में दाखिले के लिए लॉटरी के माध्यम से एक अप्रैल से पांच अप्रैल तक की अवधि में डॉ निकाले जाएंगे। मान्यता प्राप्त निजी विद्यालय प्राप्त आवेदनों पर एक अप्रैल से 15 अप्रैल तक दाखिले की प्रक्रिया संपन्न करेंगे तथा सफल छात्रों की सूची विद्यालय के नोटिस बोर्ड पर दर्शाएंगे। लॉटरी ड्रॉ के बाद मुख्य सूची में सफल छात्रों द्वारा निर्धारित तिथि दाखिला नहीं लेने पर उनकी रिक्त सीटों पर प्रतीक्षा सूची के छात्रों के दाखिले 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक किए जाएंगे। इस दौरान विद्यालयों द्वारा दाखिल विद्यार्थियों का विवरण विभागीय पोर्टल पर एक अप्रैल से 30 अप्रैल तक दर्ज कराना आवश्यक होगा। दाखिला अवधि में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी संबंधित विद्यालयों में विभागीय नॉमिनी नियुक्त करेंगे। इसके लिए वह विद्यालय के नजदीक के खंड शिक्षा अधिकारी अथवा सरकारी विद्यालय से किसी प्राचार्यए मुख्याध्यापकए पीजीटी या अध्यापक में से किसी एक को नियुक्त कर सकता है।




जींद। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय। फोटो हरिभूमि

#### स्कूल लीविंग सर्टिफिकेट अनिवार्य

जिस मान्यता प्राप्त निजी विद्यालय को अभिभावक या छात्र द्वारा आवेदन पत्र दिया जाएगा। वह विद्यालय अभिभावक या छात्र को रसीद अवश्य देगा। छात्र को पिछले सरकारी विद्यालय से स्कूल लीविंग सर्टिफिकेट लिया जाना अनिवार्य होगा। दाखिले के लिए बच्चे की फैमिली आईडी का होना अनिवार्य है। जिसमें परिवार की वार्षिक आय 2024-25 में एक लाख 80 हजार या इससे कम होनी चाहिए। फीस प्रतिपूर्ति राशि के लिए वहीं मान्यता प्राप्त निजी विद्यालय पात्र होंगे, जिन द्वारा फार्म छह में अपने विद्यालय की फीस चालू सत्र के लिए पोर्टल पर दर्शाई होगी। दाखिल होने वाले छात्र का डेटा एमआईएस पोर्टल पर अपडेट किया जाएगा तथा दाखिला होने वाले छात्रों की सूचना विभाग को दाखिले की अंतिम तिथि के 15 दिनों के अंदर-अंदर भेजनी होगी।

#### ये बोले अधिकारी

जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी डा. सुभाष वर्मा ने बताया कि चिराग योजना के तहत निजी मान्यता प्राप्त स्कूलों में दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों के लिए शेड्यूल जारी हो चुका है। पहले इच्छुक स्कूलों को विभाग के पोर्टल पर कक्षा अनुसार सीटों की जानकारी उपलब्ध करानी होगी। इसके बाद अभिभावक या छात्र दाखिले के लिए आवेदन कर सकेंगे।

#### ये आय सीमा निर्धारित

प्राइवेट मान्यता प्राप्त विद्यालयों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के जिन छाओं के अनिभावकों की आय एक लाख 80 हजार रुपये या इससे कम होगी, उन्हीं छात्रों को दाखिले के लिए मात्र माना जाएगा तथा वह आय परिवार पहचान पत्र की वार्षिक सत्यापित आय से मान्य होगी। इस स्कीम के तहत केवल वे छात्र पात्र होंगे। जिन्होने गत शैक्षणिक वर्ष में अपनी शिक्षा सरकारी विद्यालयों से प्राप्त की हो या उत्तीर्ण की हो। छात्र दाखिले के लिए केवल उसके वर्तमान खंड जिसमें में पढ़ रहे हैं, उसी खंड के मान्यता निजी विद्यालयों में उपलब्ध सीटों पर दाखिले के लिए पात्र होगे तथा खंड में एक से अधिक विद्यालयों में भी दाखिले के लिए आवेदन कर सकते हैं।

# दिव्यांग बच्चों की शिक्षा पर मंथन

- उन्मुखीकरण कार्यक्रम कैथल से शामिल हुए सहायक परियोजना अधिकारी कुशल कुमार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान व प्रशिक्षण परिषद नई दिल्ली की ओर से भोपाल में आयोजित पांच दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम में हरियाणा के दो शिक्षकों ने हिस्सा लिया। इसमें कैथल जिले के सहायक परियोजना अधिकारी कुशल कुमार व पंचकूला से राज्य मुख्यालय से कृष्ण कुमार ने भाग लिया। कुशल कुमार ने बताया कि यह कार्यक्रम भोपाल के पंडित सुंदरलाल शर्मा केंद्रीय व्यावसायिक शिक्षा संस्थान में 17 से 21 फरवरी तक आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में हरियाणा के अलावा यूपी, हिमाचल, उत्तराखंड, बिहार, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश व राजस्थान के 20 प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया था। इसमें डॉक्टर स्नेह बंसल मुख्य वक्ता रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य दिव्यांग बच्चों के शिक्षा के प्रति उद्देश्य को राज्यों के माध्यम से लागू करना रहा। कुशल कुमार ने बताया कि इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता ने बताया कि विविधता समानता और समावेशन तीनों एक दूसरे से जुड़े हुए हैं प्रत्येक विद्यार्थी अद्वितीय होता है। प्रो. चौहान ने समावेशी शिक्षा के अवरोधों व कठिनाइयां के बारे में प्रतिभागियों को विस्तार से जानकारी दी। डॉ. इंद्र भूषण कुमार ने समावेशी शिक्षा के संवैधानिक और नीतियों के बारे में प्रतिभागियों को अवगत कराया। डॉ. पूनम अग्रवाल शिक्षाविद ने ट्रांसजेंडर व्यक्ति के बारे में अधिकार एवं कर्तव्यों की चर्चा करते हुए कहा की नई शिक्षा नीति में इसको विशेष स्थान दिया गया है। डॉक्टर तिवारी ने गृह आधारित शिक्षा के संदर्भ में निहित दिव्यांगों के अधिकारों के बारे में बताया। पांच दिवसीय इस कार्यक्रम के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए विशेष शिक्षा विभाग के विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर विनय प्रताप सिंह ने कहा कि सभी राज्यों की ओर से विशेष शिक्षा हेतु कुछ ना कुछ खास किया जा रहा है, परंतु एक दूसरे राज्यों को उसके बारे में जानकारी का अभाव है।



कैथल । कुशलपाल सिरोही उन्मुखीकरण कार्यक्रम में भाग लेते हुए



### विद्यार्थियों को प्रैक्टिकल परीक्षाओं की दी जानकारी


**राजौंद।** किठाना कालेज आफ एजूकेशन किठाना के बीएड द्वितीय वर्ष के विद्यार्थी पिछले चार महीनों से चल रही स्कूल इंटर्नशिप को पूरा करके कालेज पहुंचे। स्कूल इंटर्नशिप का कार्य 16 अक्टूबर से शुरू होकर 21 फरवरी तक सुचारू रूप से चलता रहा। कॉलेज प्राचार्या डॉ. निर्मल सिंहरोहा ने विद्यार्थियों को उनकी इंटर्नशिप सफलता पूर्वक पूरी होने पर उनको शुभकामनाएं दी। प्राचार्या ने विद्यार्थियों को प्रैक्टिकल विषय से संबंधित सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं से अवगत करवाया। उन्होंने विद्यार्थियों को समझाया कि अपने शिक्षण कौशल को आप किस तरह से प्रभावशाली बना सकते हैं। विभाग अध्यक्ष डा.जगजीत सिंह ने भी विद्यार्थियों को स्कूल एक्सपीरियंस प्रोग्राम से संबंधित जानकारी प्रदान की।

# भगवान केवल श्रद्धा के भूखे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

भारतीय परंपरा अनुसार ही पर्व त्योहार को श्रद्धा आस्था और धार्मिक रीति रिवाज अनुसार मनाया जाता है। शिवरात्रि और महाशिवरात्रि श्रावण मास में आती है। 26 फरवरी को मनाए जाने वाले महाशिवरात्रि के पर्व को लेकर गंगोत्री गोमुख हरिद्वार से कावडिये पुण्यदायिनी पाप नाशिनी मां गंगा का जल लाकर शिवालियों में भगवान शंकर पर चढ़ाते हैं तथा पुण्य के भागी बनते हैं। महाशिव फाल्गुन मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी वाले दिन मंदिरों में शिव आराधना की जाती है। गंगाजल, दूध, दही, बिलाव पत्थर, भांग धतूरा के द्वारा शिव अर्चन किया जाता है। श्रद्धालु स्त्री पुरुष व युवा व्रत रखते हैं। रात्रि के 12:00 बजे व्रत खोला जाता है। इस दौरा अन्न ।का परित्याग करते हैं। फल दूध चाय फलाहार का प्रयोग करते हैं। कई स्थानों पर भांग धतूरा का भी सेवन किया जाता है लेकिन ऐसा नहीं होना चाहिए।

शिक्षाविद संगीतज्ञ श्याम सुंदर गौड़ ने बताया कि भगवान देवी देवता केवल श्रद्धा के ही भूखे हैं। आजकल श्रद्धा नहीं रही है। दिखावा आडंबर ज्यादा रह गया है। धक्का मुक्की से हानि ही उठानी पड़ सकती है। बड़े-बड़े मंदिरों में श्रद्धालुओं के साथ दक्षिण के लिए अनुचित व्यवहार तथा मारपीट तक की जाती है जो शोभनीय नहीं है। यह आस्तिक को नास्तिक बनाने का कारण भी बनती है। ईश्वर के लिए सभी समान है। इस दिन ही तपस्या से प्रसन्न होकर पर्वतराज हिमालय की बेटी पार्वती से भगवान शंकर का विवाह संपन्न हुआ था। आर्य समाज के संस्थापक स्वामी दयानंद जिनका वास्तविक नाम मूल शंकर था को ज्ञान प्राप्त हुआ था। मूल शंकर से स्वामी दयानंद बने थे। इस दिन तीन बार मंदिरों में आरतियां की जाती हैं। शिव की सत्य है सुंदर एवं कल्याणकारी है। शिव मृत्यु के देवता हैं। 12 ज्योतिलिंर्गों के दर्शन से मन को शांति मिलती है। शिवलोक की प्राप्ति भी होती है। शिव पुराण में शिव के विषय में विशद वर्णन मिलता है।



श्याम सुंदर गौड़

**उपलब्धि** 363 बच्चों ने पास की परीक्षा, 187 लड़कियां और 176 लड़के हुए शामिल

राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल क्योड़क का सौरभ अव्वल

# 20 मिशन बुनियाद लेवल 2024 -25 की परीक्षा का परिणाम किया घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजौंद

बलबीर कश्यप खंड शिक्षा अधिकारी एवं खंड संसाधन संयोजक राजौंद ने बताया कि शिक्षा विभाग हरियाणा और विकल्प फाउंडेशन की तरफ से मिशन बुनियाद लेवल 2 की परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है। इस परीक्षा को 363 बच्चों ने पास किया। जिसमें 187 लड़कियां और 176 लड़के शामिल हैं। सौरभ राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल क्योड़क ने 86 अंक लेकर जिला स्तर पर प्रथम स्थान हासिल किया, वहीं पल्लवी राजकीय कन्या उच्च विद्यालय भाना की छात्रा ने 80 नंबर लेकर जिले स्तर पर दूसरा स्थान हासिल किया। कार्तिक आरोही मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल ग्योंग ने 75 अंक लेकर, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ढांड ने 75 अंक लेकर दोनों ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। जिला स्तर पर टॉप 3 स्कूल जिन्होंने जिला स्तर पर स्थान हासिल किया। 15 बच्चों के साथ राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बाता प्रथम स्थान पर, आरोही मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल रामगढ़ पांडवा 11 बच्चों के साथ दूसरे स्थान पर, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बलबेहडा 10 बच्चों के साथ तीसरे स्थान पर और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सौंगरी गुलियाना 9 बच्चों के साथ चौथे स्थान पर रहा। ब्लॉक वाइज परीक्षा परिणाम इस प्रकार रहा। खंड गुहला चीका से 36 बच्चों ने यह परीक्षा पास की जिसमें 14 लड़कियां और 22 लड़के शामिल है । कैथल ब्लॉक से 110 बच्चों ने यह परीक्षा पास की जिसमें 53 लड़कियां और 57 लड़के शामिल है। कलायत ब्लॉक से 76 बच्चों ने यह परीक्षा पास की , जिसमें 38 लड़कियां और 38 लड़के शामिल है । पुंडरी ब्लॉक से 63 बच्चों ने यह परीक्षा पास की,जिसमें 34 लड़कियां और 29 लड़के शामिल है। राजौंद खंड से 43 बच्चों ने परीक्षा पास की, जिसमें 25 लड़कियां 18 लड़के शामिल हैं। सीवन ब्लॉक से 35 बच्चों ने परीक्षा पास की,जिसमें 23 लड़कियां और 12 लड़के शामिल हैं। कैटिगरी वाइज परीक्षा परिणाम में 110 बच्चे पिछड़ी जाति से,33 बच्चे पिछड़ी जाति बी से, 86 जनरल कैटेगरी में और 134 एससी कैटेगरी के बच्चों ने यह परीक्षा उत्तीर्ण की है। खंड राजौंद का परीक्षा परिणाम इस प्रकार रहा। खंड राजौंद से कुल 43 बच्चों ने यह परीक्षा पास की, जिसमें 25 लड़कियां और 18 लड़के शामिल है । कैटिगरी वाइज परीक्षा परिणाम पास करने वाले बच्चे 10 बैकवर्ड क्लास से ,17 जनरल केटेगरी से और 16 एससी कैटेगरी के बच्चों ने परीक्षा पास की है।



बलबीर कश्यप

### ग्रामीण भ्रमण कार्यक्रम में डीएसपी ने कई गांवों में ग्रामीणों की समस्याएं सुन किया समाधान



कैथल। डीएसपी कुलदीप बेनीवाल ग्रामीणों को जागरूक करते हुए फोटो हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

पुलिस द्वारा एसपी राजेश कालिया के कुशल नेतृत्व में गांव गांव जाकर जनसंपर्क अभियान लगातार जारी है। रविवार को गुहला डीएसपी कुलदीप बेनीवाल, एसएचओ गुहला एसआई रामपाल व चौकी मेहमूदपुर प्रभारी एएसआई राजेश की टीम द्वारा गुहला उपमंडल के गांव डेरा चाणचक, दाबनखेड़ी, मेहमूदपुर, चाबा, दाबा में जाकर ग्रामीणों व मौजिज व्यक्तियों के साथ बैठकों का आयोजन किया गया। इस दौरान डीएसपी कुलदीप बेनीवाल ने कहा कि अपराधों को रोकने के लिए आमजन का सहयोग बहुत जरूरी है जिसके बिना यह काम असंभव है। कहा जाता है कि नशा ही सब अपराधों की जड़ है इसलिए नशे को समाप्त करना पुलिस और जनता का प्रथम कर्तव्य है। मौजूदा दौर में नशा समाज और देश को खोखला कर रहा है और देश का भविष्य युवा गर्त की ओर जा रहा है। यदि हम नशे पर काबू पा लेते हैं तो काफी हद तक अन्य अपराध भी कम हो जायेंगे।

### नन्हा बचपन में बच्चों ने जमकर जमाया रंग

**राजौंद।** विवेकानंद विद्या निकेतन में वार्षिक समारोह नन्हा बचपन का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में नसीब सिंह श्योकंद (एस ई) यू एच बी वी एन करनाल ने शिरकत की। विद्यालय के प्रधानाचार्य रूप कृष्ण भट ने मुख्य अतिथि के साथ साथ सभी का स्वागत किया। समारोह के तीसरे दिन की शुरूआत मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्ज्वलित से हुई, जिसके बाद कक्षा नर्सरी से दूसरी तक के छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। छोटे छोटे बच्चों ने शैक्षणिक थीम,राजस्थानी व बॉलीवुड नृत्य, के साथ साथ क्लासिकल डांस और एक्ट, फन डांस, योगा आदि के माध्यम से सबका मन मोह लिया।वार्षिक समारोह के इस कार्यक्रम में छात्रों और शिक्षकों ने मिलकर अपनी उपलब्धियों का जश्न मनाया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।